# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–22 जून 2025 सान्ध्य समाचार

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह कल शाम अपने दो दिवसीय दौरे के तहत वाराणसी पहुंचेंगे। पहले दिन गृहमंत्री एयरपोर्ट से सीधे काशी विश्वनाथ एवं काल भैरव का दर्शन पूजन करने जाएंगे। अगले दिन 24 जून को गृहमंत्री अमित शाह, क्षेत्रीय मध्य परिषद– सेंट्रल जोनल काउंसिल की 25वीं बैठक में भाग लेंगे। वाराणसी के मंडलायुक्त एस राजलिंगम ने बताया कि बैठक को लेकर सभी तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं।

**जो सेंट्रल जोनल काउंलिस की मीटिंग हर बार मुख्यालय में हाती थी और इस बार भी वाराणसी में हो रही है मुननीय गृहमंत्री जी भी इसमे आएंगे और चार राज्यों के माननीय मुख्यमंत्रीगण और उनके साथ अन्य माननीय मंत्रीगण वरिष्ठ अधिकारीगण भी इसमे प्रतिभाग करेंगे। ये चौबीस को कार्यक्रम होगा जिसके क्रम में जो कई लेबल की मीटिंगे हो चुकी है और हम सारी तैयारी कर रहे हैं**

इस महत्वपूर्ण बैठक में गृहमंत्री अमित शाह के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और छत्तीसगढ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी भाग लेंगे। इसके अतिरिक्त चारों राज्यों के मुख्य सचिव, नीति आयोग, और अंतरराज्यीय परिषद के प्रतिनिधि एवं विशिष्टजन बैठक में शामिल होंगे। इस बैठक में राज्यों के आपसी सहयोग, सामाजिक विकास, सीमा विवाद, अल्पसंख्यक मुद्दे, राज्य पुनर्गठन, नक्सल प्रभावित क्षेत्र, कानून व्यवस्था और पर्यावरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार–विमर्श किया जाएगा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक और समावेशी बनाने के लिए प्रदेश के 39 जिलों में मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालयों का निर्माण कार्य तेजी से प्रारंभ हो चुका है। इन विद्यालयों के निर्माण से लाखों बच्चों को आधुनिक, समग्र और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ मिलेगा। प्रथम चरण में समस्त 75 जिलों में मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालयों का निर्माण पूरा होने के बाद द्वितीय चरण में भी प्रति जनपद 1–1 मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालय का निर्माण प्रस्तावित है। इस प्रकार प्रति जनपद 2 मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालयों के निर्माण की कार्ययोजना है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज सुबह गोरखपुर प्रवास के दौरान गोरखनाथ मंदिर में जनता दरबार लगाया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए लोगों की समस्याओं को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण के लिए निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। सबको न्याय मिलेगा और सबकी पीड़ा दूर की जाएगी।

**********

प्रदेश के ऊर्जा और शहरी विकास मंत्री एके शर्मा ने आज लखनऊ में अपशिष्ट प्रबंधन संयंत्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री ने कहा कि प्रतिदिन लखनऊ में दो हजार टन से अधिक कूड़ा एकत्र होता है। युद्ध स्तर पर कूड़े का दो यूनिटों से निस्तारण किया जा रहा है। एक और की आवश्यकता थी, जिसका आज शुभारंभ हुआ है। उन्होंने कहा कि यहां कूड़ा का पहाड़ नहीं बनने दिया जाएगा, जीरो वेस्ट के लक्ष्य को सभी के सहयोग से हासिल किया जाएगा।

**********

राष्ट्र सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक में उल्लेखनीय बदलाव से गुजरा है। आकाशवाणी समाचार आपके लिए पिछले 11 वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर एक विशेष फीचर लेकर आया है। आज, हम भारत की ऊर्जा क्रांति की बात कर रहे हैं – जो साहसिक सुधारों, रिकॉर्ड क्षमता वृद्धि और स्वच्छ, विश्वसनीय और समावेशी ऊर्जा के लिए एक मजबूत प्रयास का एक दशक है।

**पिछले एक दशक में, भारत के ऊर्जा क्षेत्र मे मजबूत वृद्धि हुई है। जून 2025 तक, देश की कुल स्थापित ऊर्जा क्षमता 476 गीगावाट तक पहुँच गई है, जिसमें आधे से अधिक ऊर्जा गैर–जीवाश्म ईंधन स्रोतों से आ रही है। सिर्फ नवीकरणीय ऊर्जा से ही 226 गीगावाट की क्षमता प्राप्त हुई है जिससे भारत अब सौर ऊर्जा में दुनिया में तीसरे और पवन ऊर्जा में चौथे स्थान पर है। पीएम–सूर्य घर योजना देश भर में घरों को रोशन कर रही है, वहीं पीएम–कुसुम योजना किसानों को सौर ऊर्जा से संचालित सिंचाई प्रणाली प्रदान कर रही है। पवन ऊर्जा क्षेत्र में क्षमता दोगुनी हो गई है और जलविद्युत, बायोमास और परमाणु ऊर्जा में भी स्थिर वृद्धि जारी है। विष्णु की रिपोर्ट के साथ अक्षित वेद्यान, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

पूर्वांचल समेत प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में आज सुबह से रूक रूक कर हो रही बारिश से मौसम सुहाना हो गया है। तापमान में गिरावट की वजह से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली है वहीं खेतों में पानी भर जाने से किसानों के चहरे खिल गए हैं। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में राजधानी लखनऊ सहित राज्य के मध्य और पश्चिमी जिलों में हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना व्यक्त की है। लखनऊ स्थित आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि निम्न दबाव का क्षेत्र मध्य उत्तर प्रदेश में बना हुआ है। इसके चलते अगले कुछ दिन तक मौसम सुहाना बना रहेगा।

**********